दैनिक भास्कर अजमेर 16-05-2023

मार्केट अपडेट

सतगुरु स्कूलः समर कैम्प का शुभारंभ

अजमेर | पंचशील स्थित सतगुरु इंटरनेशनल स्कूल में समर कैंप स्पेक्ट्रम 2.0 का भव्य शुभारंभ हुआ। इसमें 500 से अधिक बच्चों ने भाग लिया। सतगुरु इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों के अतिरिक्त अजमेर की अन्य विभिन्न विद्यालयों के 200 से अधिक बच्चे भी शामिल हैं। प्रधानाचार्य जीके मिश्रा ने बताया कि समर कैंप मेंस्पोर्ट्स में क्रिकेट, फुटबॉल, स्केटिंग, टेबल टेनिस, लॉन टेनिस, बास्केटबॉल, बैडमिंटन, स्विमिंग आदि, परफॉर्मिंग आर्ट्स में थिएटर, फोटोग्राफी, डांस, योग, गायन और लिटरेरी में हिंदी क्लब, इंग्लिश क्लब, थर्ड लैंग्वेज क्लब, टेक क्लब, साइंस क्लब, अबेकस आदि गतिविधियां रखी गई हैं। सतगुरु के विद्यार्थियों के लिए पूर्णता निशुल्क रखा गया है।